# समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

## (बीएसडब्ल्यू–द्वितीय वर्ष)

# सत्रीय कार्य : 2022–2023

**पाठ्यक्रम शीर्षक**

**बीएसडब्ल्यूई-002 : व्यक्तियों और समूहों के साथ समाज कार्य अंतःक्षेप**

**बीएसडब्ल्यूई-004 : परिवार जीवन शिक्षा का परिचय**

**अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः**
**जुलाई, 2022 सत्र–मार्च 31,2023**
**जनवरी, 2023 सत्र–सितम्बर 30,2023**

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीएसडब्ल्यू कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बीएसडब्ल्यू कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष के लिए आपको बीएसडब्ल्यूई 002,बीएसडब्ल्यूई 004 और अन्य आधार पाठ्यक्रम के लिए प्रत्येक का एक–एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करे, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़े। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**(डॉ.सायन्तनी गुइन)**
कार्यक्रम संयोजक
**email:sayantaniguin@ignou.ac.in**
Ph: 011–29571697

# व्यक्तियों और समूहों के साथ समाज कार्य अंतःक्षेप
# सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : बीएसडब्ल्यूई– 002**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **500** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) सामाजिक कार्य की एक पद्धति के रूप में समूह कार्य के ऐतिहासिक विकास की चर्चा कीजिए। 20

अथवा

सामाजिक वैयक्तिक कार्य के सिद्धांतों को उपयुक्त उदाहरणों के साथ सूचीबद्ध करें। 20

2) संयुक्त राज्य अमेरिका में स्कूल सामाजिक कार्य के ऐतिहासिक विकास और कार्यों पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

समाज कार्य में विभिन्न हस्तक्षेप विधियों का उपयुक्त उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिएः

क) स्वास्थ्य और स्वास्थ्य देखभाल के अर्थ को परिभाषित करें। 10

ख) समुदाय को सामाजिक व्यवस्था के रूप में वर्णन कीजिए और तीन उप–प्रणालियों को संक्षेप में समझाइए। 10

ग) आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के बीच संबंधों पर चर्चा करें। 10

घ) भारतीय न्यायपालिका और विभिन्न न्यायालयों की संरचना की व्याख्या करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिएः

क) सुधार के संदर्भ में समाज कार्य की विशेषताओं को सूचीबद्ध करें। 5

ख) रोगों में शामिल सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारकों की संक्षेप में चर्चा कीजिए। 5

ग) सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के लिए गांधीवादी दृष्टिकोण का वर्णन करें। 5

घ) समूह प्रक्रियाओं में एक सक्षमकर्ता के रूप में सामाजिक समूह कार्यकर्ता की भूमिका का उल्लेख करें। 5

ङ) उद्योग में समाज कार्य के स्थान पर प्रकाश डालिए। 5

च) सामाजिक वैयक्तिक कार्य अभ्यास की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिएः

क) नागरिक के कानूनी कर्तव्य 4

ख) सामाजिक नीति के मॉडल 4

ग) राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) 4

घ) किशोर अपराध 4

ङ) औद्योगिक सामाजिक कार्य 4

च) जनजातीय समुदाय 4

छ) वैश्वीकरण 4

ज) मौलिक अधिकार 4

# परिवार जीवन शिक्षा का परिचय

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : बीएसडब्ल्यूई– 004**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **500** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) पारिवारिक जीवन शिक्षा क्या है? पारिवारिक जीवन शिक्षा से संबंधित पारंपरिक भारतीय मूल्यों की चर्चा करें। 20

अथवा

राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 का समालोचनात्मक परीक्षण करें। 20

2) व्यक्तित्व विकास के विभिन्न सैद्धांतिक उपागमों पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

भारत में युवाओं के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का विस्तृत विवरण दें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिए:

क) परिवार, नातेदारी और विवाह के अंतर्संबंधों की चर्चा कीजिए। 10

ख) पारिवारिक जीवन शिक्षा में समुदाय की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 10

ग) व्यक्तित्व के निर्माण और उसके विकास के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं? 10

घ) परिवार' शब्द से आप क्या समझते हैं? भारत में इसके प्रकारों और बदलते स्वरूप की चर्चा कीजिए। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिए:

क) पारिवारिक जीवन शिक्षा के संचालन सिद्धांतों को सूचीबद्ध करें। 5

ख) यौन स्वास्थ्य शिक्षा के मुख्य घटकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5

ग) यौन स्वास्थ्य शिक्षा के पीछे क्या तर्क है? 5

घ) युवाओं की अवधारणा और अर्थ का वर्णन करें। 5

ङ) गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम,1971(Medical Termination of Pregnancy Act,1971) के उद्देश्यों और औचित्य पर प्रकाश डालें। 5

च) यौन शिक्षा में घर की भूमिका की विवेचना कीजिए। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिए:

क) ब्रह्मांडीय कार्य 4

ख) उभयलिंगी व्यक्तित्व 4

ग) आनुवंशिकता 4

घ) लिंग भूमिकाएं 4

ङ) स्टीरियोटाइप 4

च) आदर्श सेटिंग 4

छ) नैतिक विकास 4

ज) बहुपतित्व 4